हर वोट कीमती • हर निकाय महत्वपूर्ण

# मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

## नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन–2022

01. **सामान्य जानकारी :–**

- राज्य में कुल नगरीय निकायों की संख्या – 413

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नगरपालिक निगम | – | 16 |
| 2. | नगरपालिका परिषद् | – | 99 |
| 3. | नगर परिषद् | – | 298 (इसमें 35 नवगठित नगर परिषद सम्मिलित है।) |
| | **कुल** | – | **413** |

- पूर्व से गठित 378 नगरीय निकायों में से 321 नगरीय निकायों कार्यकाल पूर्ण हो चुका है। 57 नगरीय निकायों का कार्यकाल अभी पूर्ण नहीं हुआ है। 321 निकायों में से 318 निकायों के तथा नवगठित 35 नगरीय निकायों में से 29 नगर परिषदों के अर्थात् 347 नगरीय निकायों के निर्वाचन कराये जाने के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया जा रहा है।

- आयोग द्वारा दिनांकः–01/01/2022 की स्थिति में राज्य के 402 नगरीय निकायों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांकः–10/05/2022 को तथा नगरपालिका परिषद खरगोन की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांकः–26/05/2022 को किया गया है। नगरपालिका परिषद् पन्ना जिला–पन्ना तथा नवगठित नगर परिषद् बरोदियाकलां जिला–सागर की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक–06.06.2022 को किया जा रहा है।

- मध्यप्रदेश शासन द्वारा नगरपालिका परिषद गढ़ाकोटा एवं नगरपालिका परिषद् खुरई जिला–सागर, नगरपालिका परिषद मलाजखण्ड जिला–बालाघाट के क्षेत्र विस्तार/ संकुचन की कार्यवाही की गई है। इन 03 नगरीय निकायों में वार्डों के विभाजन तथा आरक्षण की कार्यवाही मध्यप्रदेश शासन द्वारा की जा रही है। वार्ड विभाजन की कार्यवाही के पश्चात् आयोग के द्वारा मतदाता सूची तैयार की जायेगी।

- नवगठित 06 नगरीय निकायों के वार्ड विभाजन की कार्यवाही मध्यप्रदेश शासन द्वारा की जा रही है। वार्ड विभाजन की कार्यवाही के पश्चात् आयोग के द्वारा मतदाता सूची तैयार की जायेगी।

- नगरीय निकायों के निर्वाचन दलीय आधार पर सम्पादित किये जायेंगे।

- प्रत्येक नगरीय निकाय के लिये 01 रिटर्निंग ऑफिसर और उसकी सहायता के लिये 02 या उससे अधिक सहायक रिटर्निंग अधिकारी रहेगें।

## 2. पदों की संख्या :–

- प्रस्तावित निर्वाचन हेतु नगरीय निकायों एवं पदों की संख्या :–

| क्रमांक | नगरीय निकायों का प्रकार | नगरीय निकायों की संख्या | वार्डों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | नगरपालिक निगम | 16 | 884 |
| 2 | नगरपालिका परिषद | 76 | 1795 |
| 3. | नगर परिषद् (पूर्व से गठित) | 226 | 3393 |
| 4. | नवगठित नगर परिषद् | 29 | 435 |

- आयोग द्वारा प्रत्यक्ष प्रणाली से 347 नगरीय निकायों के 6507 पार्षदों एवं 16 नगरपालिक निगम के महापौर का निर्वाचन कराया जा रहा है।
- नगरपालिका परिषद् एवं नगर परिषदों के निर्वाचित पार्षदों द्वारा अधिनियमों के प्रावधान अनुसार अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया जायेगा।

## 3. निर्वाचन कार्यक्रम :–

- प्रदेश के नगरीय निकायों के आम निर्वाचन – 2022 हेतु दो चरणों में मतदान करवाया जा रहा है। निर्वाचन कार्यक्रम एवं नगरीय निकायों की चरणवार जानकारी संलग्न है।

**चरणवार क्षेत्र विवरण निम्नानुसार है:–**

| क्रमांक | नगरीय निकायों का प्रकार | नगरपालिक निगम | नगरपालिका परिषद | नगर परिषद | कुल नगरीय निकाय | मतदान केन्द्रों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम चरण | 11 | 36 | 86 | 133 | 13148 |
| 2. | द्वितीय चरण | 05 | 40 | 169 | 214 | 6829 |
| | योग | 16 | 76 | 255 | 347 | 19977 |

- एक चरण में निर्वाचन सम्पन्न होने वाले जिलों की संख्या – 11
- दो चरणों में निर्वाचन सम्पन्न होने वाले जिलों की संख्या – 38
- जिला–अलीराजपुर, मण्डला एवं डिण्डोरी की नगरीय निकायों का कार्यकाल पूर्ण नहीं होने के कारण वहाँ निर्वाचन नहीं करवाया जा रहा है।

## 4. मतदाता सूची :–

- मतदाता सूची के अनुसार प्रदेश में कुल 1,53,23,738 मतदाता है।
    - पुरूष मतदाता – 78,68,406
    - महिला मतदाता – 74,54,236
    - अन्य मतदाता – 1,096

## 5. मतदान केन्द्र :–

- प्रदेश में निर्वाचन हेतु कुल 19,977 मतदान केन्द्र स्थापित किये गये हैं।
- औसत मतदाताओं की संख्या प्रति मतदान केन्द्र 767 है।

6. <u>नामनिर्देशन पत्र की व्यवस्था</u> :–

- नगरपालिक निगम के महापौर तथा सभी नगरीय निकायों के पार्षद् पद हेतु नामनिर्देशन पत्र (प्ररूप–3) में प्राप्त किये जायेंगे।
- नामनिर्देशन पत्र के साथ अभ्यर्थी को निम्नानुसार निक्षेप राशि जमा करना होगी :–

| | | |
|---|---|---|
| नगरपालिक निगम के महापौर पद हेतु | – | रूपये 20,000/– |
| नगरपालिक निगम के पार्षद पद हेतु | – | रूपये 5000/– |
| नगरपालिका परिषद् के पार्षद पद हेतु | – | रूपये 3000/– |
| नगर परिषद् के पार्षद पद हेतु | – | रूपये 1000/– |

- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला अभ्यर्थी के मामले में उपरोक्त निक्षेप राशि का आधा भाग जमा करना होगा।
- नामनिर्देशन पत्र के साथ अभ्यर्थी को निर्धारित प्ररूप में शपथ–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। शपथ–पत्र में प्रत्येक अभ्यर्थी के आपराधिक पूर्ववृत्त, आस्तियों, दायित्वों तथा शैक्षणिक अर्हता की घोषणा होगी।
- रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा इस जानकारी का सार्वजनिक प्रदर्शन अपने कार्यालय के सूचना पटल पर किया जायेगा।
- नगरीय निकायों के निर्वाचन में "नोटा" (इनमें से कोई नहीं) का विकल्प मतदाताओं को उपलब्ध है।
- रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में नामनिर्देशन प्रस्तुत किये जाने के दौरान अभ्यर्थी के साथ अधिकतम 3 व्यक्ति प्रवेश कर सकेंगे।

7. <u>मतदान दल</u> :–

- निर्वाचन प्रक्रिया में मतदान केन्द्रों पर लगभग 87937 मतदान कर्मी नियुक्त किये जायेंगे।
- मतदान केन्द्रों पर नियोजित किये जाने हेतु जिलेवार डाटाबेस तैयार कर लिया गया है।
- प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एक पीठासीन अधिकारी एवं तीन मतदान अधिकारी नियुक्त किये जायेंगे।
- 1200 से अधिक वाले मतदाता संख्या वाले मतदान केन्द्रों पर एक अतिरिक्त मतदान कर्मी की नियुक्ति की जायेगी।
- मतदान कर्मियों के तीसरे रेण्डमाईज़ेशन का समय मतदान प्रारम्भ होने के 24 घण्टे पूर्व किया जायेगा।

8. <u>निर्वाचन व्यय लेखा</u>:–

- नगरपालिक निगम के महापौर पद हेतु निर्वाचन व्यय सीमा :–

| **महापौर–व्यय सीमा** | | |
|---|---|---|
| **नगरीय निकाय का प्रकार** | **जनगणना 2011 के अनुसार जनसंख्या** | **निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा** |
| (1) | (2) | (3) |
| नगरपालिक निगम | (एक) 10 लाख से अधिक<br>(दो) 10 लाख से कम | (एक) रू. 35 लाख<br>(दो) रू. 15 लाख |

- आयोग द्वारा नगरीय निकायों के आम निर्वाचन में पार्षद् पद हेतु निर्वाचन व्यय लेखा संधारण का प्रावधान प्रथम बार किया गया है। पार्षद पद हेतु निर्वाचन व्यय सीमा निम्नानुसार है:–

| **पार्षद्–व्यय सीमा** | | |
|---|---|---|
| **नगरीय निकाय का प्रकार** | **जनगणना 2011 के अनुसार जनसंख्या** | **निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा** |
| (1) | (2) | (3) |
| नगरपालिक निगम | (एक) 10 लाख से अधिक<br>(दो) 10 लाख से कम | (एक) रू. 8.75 लाख<br>(दो) रू. 3.75 लाख |
| नगरपालिका परिषद् | (एक) 1 लाख से अधिक<br>(दो) 50 हजार से 1 लाख तक<br>(तीन) 50 हजार से कम | (एक) रू. 2.5 लाख<br>(दो) रू. 1.5 लाख<br>(तीन) रू. 1 लाख |
| नगर परिषद् | | रू. 75 हजार |

- अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा संधारण नहीं किये जाने अथवा मतगणना परिणाम के 30 दिवस के भीतर रिटर्निंग आफिसर को दाखिल नहीं किये जाने की स्थिति में अभ्यर्थी को निर्हरित किये जाने का प्रावधान है।

**9. <u>मतदान एवं मतगणना</u> :–**

- मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश नगरपालिक विधि (संशोधन) अध्यादेश, 2022 दिनांक–26.05.2022 के अनुसार नगरपालिक निगम में महापौर पद का निर्वाचन प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली से किया जायेगा।
- नगरपालिक निगम के महापौर एवं नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद् एवं नगर परिषद् में पार्षद पद का निर्वाचन प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली से ईव्हीएम से कराया जायेगा।
- निर्वाचन में विभिन्न पदों हेतु मतपत्रों का रंग निम्नानुसार निर्धारित है :–
  - नगरपालिक निगम महापौर – सफेद
  - नगरपालिक निगम पार्षद् – गुलाबी
  - नगरपालिका परिषद् पार्षद् – पीला
  - नगर परिषद् पार्षद् – नीला
- समस्त मतदान केन्द्रों पर मतदान का समय प्रातः 7:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक होगा।
- मतदान हेतु मतदाता को आयोग द्वारा विहित 20 पहचान पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र साथ में लाना अनिवार्य होगा।
- मतगणना आयोग द्वारा निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार रिटर्निंग ऑफिसर मुख्यालय पर की जायेगी।

**10. ई.व्ही.एम. प्रबंधन :–**

- नगरीय निकायों के आम निर्वाचन हेतु प्रदेश में कुल 55,000 ई.व्ही.एम. उपलब्ध है। निर्वाचन हेतु 30761 ई.व्ही.एम. का उपयोग किया जायेगा।

- विभिन्न चरणों में उपयोग में लाई जाने वाली ई.व्ही.एम. की संख्या (रिज़र्व सहित) निम्नानुसार है :–

| क्रमांक | चरण | ई.व्ही.एम. की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | प्रथम | 18689 |
| 2 | द्वितीय | 12072 |

- नगरपालिक निगम हेतु महापौर एवं पार्षद् पदों के निर्वाचन हेतु नोटा सहित 15 या 15 से कम अभ्यर्थी होने पर 01 कंट्रोल यूनिट एवं 02 बैलेट यूनिट का उपयोग किया जायेगा। किसी भी पद पर 15 से अधिक अभ्यर्थियो की स्थिति में 01 अतिरिक्त बैलेट यूनिट का उपयोग किया जायेगा।

- शेष नगरीय निकायों में पार्षद् पद के निर्वाचन हेतु नोटा सहित 15 या 15 से कम अभ्यर्थी होने पर 01 कंट्रोल यूनिट तथा 01 बैलेट यूनिट का उपयोग होगा। 15 से अधिक अभ्यर्थियो की स्थिति में 01 अतिरिक्त बैलेट यूनिट का उपयोग किया जायेगा।

- नगरपालिक निगम इन्दौर एवं भोपाल हेतु प्रत्येक वार्ड के लिए 05 ई.व्ही.एम. तथा नगरपालिक निगम जबलपुर एवं ग्वालियर के लिए प्रत्येक वार्ड के लिए 03 ई.व्ही.एम. रिज़र्व रखी गयी है।

- इसके अतिरिक्त शेष नगरपालिक निगम एवं नगरपालिका परिषद् में प्रत्येक वार्ड के लिए 02 ई.व्ही.एम. एवं नगर परिषद के लिए प्रत्येक वार्ड के लिए 01 ई.व्ही.एम. रिज़र्व रखी गयी है।

- आयोग द्वारा प्रयुक्त ई.व्ही.एम. में मतदान का डाटा सुरक्षित रखे जाने हेतु डी.एम.एम. (Detachable Memory Module) का उपयोग किया जाता है।

- ई.व्ही.एम. मशीनों की एफ.एल.सी. जनप्रतिनिधियों के समक्ष ई.सी.आई.एल. के इंजीनियरों द्वारा सम्पन्न की गयी है।

## 11. निर्वाचन प्रतीक :–

- निर्वाचन प्रतीक एवं आरक्षण आदेश 1968 के अनुक्रम में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों को उनके लिए आरक्षित निर्वाचन प्रतीक आवंटित किये जायेगें।
- राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिक निगम के महापौर पद हेतु 37 एवं नगरपालिक निगम /नगरपालिका परिषद/नगर परिषद के पार्षद् पद हेतु 31 मुक्त निर्वाचन प्रतीक अधिसूचित किये गये है। इनका प्रकाशन मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) दिनांकः–30/05/2022 में किया गया है।

## 12. <u>सूचना प्रोद्यौगिकी (IT) का उपयोग</u> :–

- निर्वाचन में सूचना प्रोद्यौगिकी का उपयोग किया जायेगा।

- नगरीय निकायों अभ्यर्थियों के नामनिर्देशन हेतु OLIN (Online Nomination) की वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अभ्यर्थी स्वयं लेपटॉप/डेस्कटॉप से या सायबर कैफे/MP-Online कियोस्क/लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से अपना नामनिर्देशन पत्र भर सकता है।

- OLIN के माध्यम से भरे गये नामनिर्देशन पत्र की हार्डकॉपी निर्धारित समयावधि में रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

- निर्वाचन हेतु मतदान दल एवं मतगणना दल गठन NIC द्वारा विकसित CEMS (Common Election Management System) सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा।
- मतदाता सूची में दर्ज नाम की जानकारी आयोग की वेबसाईट www.mplocalelection.gov.in पर अथवा "चुनाव" मोबाईल एप के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

**13. सुरक्षा प्रबंध :–**

- सुरक्षा प्रबंध हेतु अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, गृह विभाग एवं पुलिस महानिदेशक म.प्र. के साथ समीक्षा की गयी है।
- स्ट्रांग रूम, मतदान केन्द्रों एवं मतगणना स्थलों पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जायेगी।
- नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2022 के लिए प्रदेश में मतदान केन्द्रों को संवेदनशील/अतिसंवेदनशील श्रेणी में चिन्हित कर मतदान के दिन सुरक्षा व्यवस्था की जायेगी।
- शांतिपूर्ण एवं सुचारू मतदान सम्पन्न कराये जाने हेतु सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की जायेगी।
- निर्वाचन हेतु सभी जिलों में अतिरिक्त रूप से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की नियुक्तियाँ कर ली गयी है।

**14. निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण अधिनियम :–**

- नगरीय निकायों के निर्वाचन में मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण (निर्वाचन अपराध) अधिनियम, 1964, मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 एवं मध्यप्रदेश सम्पत्ति विरूपण अधिनियम, 1994 के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर सजा का प्रावधान भी है।
- निर्वाचन अपराध अधिनियम 1964 में झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत किये जाने पर दण्ड का प्रवधान किया गया है। जिसमें 06 माह की सजा एवं रूपये 25000/– मात्र निर्धारित किया गया है।

**15. शिकायत निवारण :–**

- निर्वाचन सम्बंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु आयोग मुख्यालय में एक कंट्रोलरूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष क्रमांक 0755–2551076 है।
- जिला स्तर पर शिकायतों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय कंट्रोलरूम स्थापित किये जा रहे है।

**16. प्रेक्षक :–**

- निर्वाचन के पर्यवेक्षण हेतु आयोग द्वारा प्रत्येक जिले में प्रेक्षक नियुक्त किये जायेंगे।

**17. मतदाता जागरूकता :–**

- मतदाता जागरूकता हेतु SENSE (Systematic Education Nurturing Sensitization Electorate) से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।
- मतदाताओं को ई.व्ही.एम. की कार्यप्रणाली से अवगत करवाते हुए अधिकाधिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

**18. आदर्श आचरण संहिता :–**

- निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने सम्बंधी घटनाओं पर नियंत्रण हेतु आयोग द्वारा आदर्श आचरण संहिता जारी की गई है, जो निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ ही प्रभावशील हो गई है। आदर्श आचरण संहिता निर्वाचन परिणाम घोषित होने तक प्रभावशील रहेगी।

- आर्दश आचरण संहिता के प्रावधान राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों, शासकीय विभागों एवं कर्मियों तथा नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर लागू होंगे। राजनैतिक दलों पर भी ये प्रावधान समान रूप से लागू होंगे।

**19. <u>चुनाव प्रचार</u> :–**

- निर्वाचन के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को प्रचार हेतु सभा/रैली/ जुलूस इत्यादि आयोजन के पूर्व सक्षम अधिकारी की अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
- मतदान समाप्ति के समय से 48 घण्टे पूर्व की कालावधि के दौरान सार्वजनिक सभा, जुलूस, रैली आदि पर प्रतिबंध रहेगा।

***

# नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2022 की चरणवार जानकारी

**प्रथम चरण** | **द्वितीय चरण**

| क्र0 | जिला | क्र0 | नगरीय निकाय का नाम | वार्डों की संख्या | मतदान केन्द्रों की संभावित संख्या | क्र0 | नगरीय निकाय का नाम | वार्डों की संख्या | मतदान केन्द्रों की संभावित संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | | (3) | (4) | (5) | | (6) | (7) | (8) |
| 1 | भोपाल | 1 | नगरपालिक निगम भोपाल | 85 | 2170 | 1 | नगरपालिका परिषद बैरसिया | 18 | 35 |
| | | | | 85 | 2170 | | | 18 | 35 |
| 2 | राजगढ़ | 2 | नगरपालिका परिषद राजगढ़ | 15 | 34 | 2 | नगरपालिका परिषद नरसिंहगढ़ | 15 | 33 |
| | | 3 | नगरपालिका परिषद ब्यावरा | 18 | 52 | 3 | नगरपालिका परिषद सारंगपुर | 18 | 40 |
| | | 4 | नगर परिषद् खुजनेर | 15 | 15 | 4 | नगर परिषद् कुरावर | 15 | 20 |
| | | 5 | नगर परिषद सुठालिया | 15 | 15 | 5 | नगर परिषद् बोड़ा | 15 | 15 |
| | | | | | | 6 | नगर परिषद् पचोर | 15 | 28 |
| | | | | | | 7 | नगर परिषद् खिलचीपुर | 15 | 20 |
| | | | | | | 8 | नगर परिषद् जीरापुर | 15 | 21 |
| | | | | | | 9 | नगर परिषद् माचलपुर | 15 | 15 |
| | | | | | | 10 | नगर परिषद् तलेन | 15 | 15 |
| | | | | | | 11 | नगर परिषद् छापीहेड़ा | 15 | 15 |
| | | | | 63 | 116 | | | 153 | 222 |
| 3 | रायसेन | 6 | नगर परिषद् सिलवानी | 15 | 23 | 12 | नगरपालिका परिषद रायसेन | 18 | 58 |
| | | 7 | नगर परिषद् बाड़ी | 15 | 20 | 13 | नगरपालिका परिषद बेगमगंज | 18 | 36 |
| | | 8 | नगर परिषद् बरेली | 15 | 37 | 14 | नगरपालिका परिषद मण्डीदीप | 26 | 101 |
| | | | | | | 15 | नगर परिषद् सांची | 15 | 15 |
| | | | | | | 16 | नगर परिषद् गैरतगंज | 15 | 20 |
| | | | | | | 17 | नगर परिषद् ओबेदुल्लागंज | 15 | 26 |
| | | | | | | 18 | नगर परिषद् सुल्तानपुर | 15 | 15 |
| | | | | | | 19 | नगर परिषद् उदयपुरा | 15 | 17 |
| | | | | 45 | 80 | | | 137 | 288 |
| 4 | सीहोर | 9 | नगरपालिका परिषद सीहोर | 35 | 106 | 20 | नगरपालिका परिषद आष्टा | 18 | 55 |
| | | | | | | 21 | नगर परिषद् जावर | 15 | 15 |
| | | | | | | 22 | नगर परिषद् कोठरी | 15 | 15 |
| | | | | | | 23 | नगर परिषद् इछावर | 15 | 17 |
| | | | | | | 24 | नगर परिषद् नसरूल्लागंज | 15 | 26 |
| | | | | | | 25 | नगर परिषद् बुदनी | 15 | 18 |
| | | | | | | 26 | नगर परिषद् रेहटी | 15 | 15 |
| | | | | | | 27 | नगर परिषद् शाहगंज | 15 | 15 |
| | | | | 35 | 106 | | | 123 | 176 |
| 5 | विदिशा | 10 | नगरपालिका परिषद विदिशा | 39 | 153 | 28 | नगरपालिका परिषद सिरोंज | 21 | 47 |
| | | 11 | नगरपालिका परिषद गंजबासोदा | 24 | 78 | 29 | नगर परिषद् कुरवाई | 15 | 18 |
| | | | | | | 30 | नगर परिषद् लटेरी | 15 | 20 |
| | | | | | | 31 | नगर परिषद् शमशाबाद | 15 | 15 |
| | | | | 63 | 231 | | | 66 | 100 |
| 6 | इन्दौर | 12 | नगरपालिक निगम इन्दौर | 85 | 2250 | | | | |
| | | 13 | नगर परिषद बेटमा | 15 | 17 | | | | |
| | | 14 | नगर परिषद देपालपुर | 15 | 19 | | | | |
| | | 15 | नगर परिषद गौतमपुरा | 15 | 15 | | | | |
| | | 16 | नगर परिषद हातोद | 15 | 16 | | | | |
| | | 17 | नगर परिषद महूगांव | 15 | 36 | | | | |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 18 | नगर परिषद मानपुर | 15 | 15 | | | | |
| | | 19 | नगर परिषद राऊ | 15 | 47 | | | | |
| | | 20 | नगर परिष सांवेर | 15 | 21 | | | | |
| | | | | 205 | 2436 | | | | |
| 7 | खरगौन | | | | | 32 | नगरपालिका परिषद खरगोन | 33 | 122 |
| | | | | | | 33 | नगरपालिका परिषद बड़वाह | 18 | 34 |
| | | | | | | 34 | नगरपालिका परिषद सनावद | 18 | 47 |
| | | | | | | 35 | नगर परिषद् कसरावद | 15 | 25 |
| | | | | | | 36 | नगर परिषद् करही पाडल्याखुर्द | 15 | 15 |
| | | | | | | 37 | नगर परिषद बिस्टान * | 15 | 19 |
| | | | | | | | | 114 | 262 |
| 8 | खण्डवा | 21 | नगरपालिक निगम खण्डवा | 50 | 195 | 38 | नगर परिषद् मूंदी | 15 | 16 |
| | | | | | | 39 | नगर परिषद् पंधाना | 15 | 15 |
| | | | | 50 | 195 | | | 30 | 31 |
| 9 | धार | 22 | नगर परिषद बदनावर | 15 | 28 | 40 | नगर परिषद माण्डव | 15 | 15 |
| | | | | 15 | 28 | | | 15 | 15 |
| 10 | झाबुआ | | | | | 41 | नगर परिषद् मेघनगर | 15 | 16 |
| | | | | | | | | 15 | 16 |
| 11 | बुरहानुपर | 23 | नगरपालिक निगम बुरहानपुर | 48 | 207 | | | | |
| | | 24 | नगर परिषद् शाहपुर | 15 | 22 | | | | |
| | | | | 63 | 229 | | | | |
| 12 | बडवानी | | | | | 42 | नगर परिषद् ठीकरी* | 15 | 19 |
| | | | | | | 43 | नगर परिषद् निवाली बुजुर्ग* | 15 | 19 |
| | | | | | | | | 30 | 38 |
| 13 | ग्वालियर | 25 | नगरपालिक निगम ग्वालियर | 66 | 1169 | | | | |
| | | 26 | नगरपालिका परिषद डबरा | 30 | 165 | | | | |
| | | 27 | नगर परिषद् आंतरी | 15 | 15 | | | | |
| | | 28 | नगर परिषद् भितरवार | 15 | 22 | | | | |
| | | 29 | नगर परिषद् बिलौआ | 15 | 15 | | | | |
| | | 30 | नगर परिषद् पिछोर | 15 | 15 | | | | |
| | | 31 | नगर परिषद मोहना* | 15 | 20 | | | | |
| | | | | 171 | 1421 | | | | |
| 14 | गुना | 32 | नगरपालिका परिषद गुना | 37 | 195 | 44 | नगर परिषद् चाचौड़ा बीनागंज | .15 | 22 |
| | | | | | | 45 | नगर परिषद् कुंभराज | 15 | 18 |
| | | | | | | 46 | नगर परिषद आरोन | 15 | 31 |
| | | | | | | 47 | नगर परिषद् मधुसूदनगढ* | 15 | 22 |
| | | | | 37 | 195 | | | 60 | 93 |
| 15 | शिवपुरी | 33 | नगर परिषद् बदरवास | 15 | 16 | 48 | नगरपालिका परिषद शिवपुरी | 39 | 157 |
| | | 34 | नगर परिषद् खनियाधाना | 15 | 17 | 49 | नगर परिषद् बैराढ़ | 15 | 21 |
| | | 35 | नगर परिषद रन्नौद* | 15 | 15 | 50 | नगर परिषद् कोलारस | 15 | 24 |
| | | | | | | 51 | नगर परिषद् करेरा | 15 | 29 |
| | | | | | | 52 | नगर परिषद पिछोर | 15 | 17 |
| | | | | | | 53 | नगर परिषद् पोहरी * | 15 | 19 |
| | | | | | | 54 | नगर परिषद् मगरौनी* | 15 | 15 |
| | | | | 45 | 48 | | | 129 | 282 |
| 16 | अशोकनगर | 36 | नगरपालिका परिषद अशोकनगर | 22 | 92 | 55 | नगरपालिका परिषद चंदेरी | 21 | 37 |
| | | 37 | नगर परिषद् शाढौरा | 15 | 15 | 56 | नगर परिषद् मुगावली | 15 | 36 |
| | | | | | | 57 | नगर परिषद् ईसागढ़ | 15 | 15 |
| | | | | | | 58 | नगर परिषद पिपरई* | 15 | 23 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 37 | 107 | | | 66 | 111 |
| 17 | दतिया | 38 | नगरपालिका परिषद दतिया | 36 | 100 | 59 | नगर परिषद् भांडेर | 15 | 29 |
| | | 39 | नगर परिषद् बडौनीखुर्द | 15 | 15 | 60 | नगर परिषद् सेंवढ़ा | 15 | 27 |
| | | | | | | 61 | नगर परिषद् इन्दरगढ़ | 15 | 28 |
| | | | | 51 | 115 | | | 45 | 84 |
| 18 | जबलपुर | 40 | नगरपालिक निगम जबलपुर | 79 | 1187 | 62 | नगर परिषद् शाहपुरा | 15 | 17 |
| | | 41 | नगरपालिका परिषद पनागर | 15 | 32 | 63 | नगर परिषद् मझौली | 15 | 15 |
| | | 42 | नगरपालिका परिषद सिहोरा | 18 | 42 | 64 | नगर परिषद् कटंगी | 15 | 24 |
| | | 43 | नगर परिषद् बरेला | 15 | 17 | 65 | नगर परिषद् पाटन | 15 | 15 |
| | | 44 | नगर परिषद् भेडघाट | 15 | 15 | | | | |
| | | | | 142 | 1293 | | | 60 | 71 |
| 19 | छिंदवाड़ा | 45 | नगरपालिक निगम छिन्दवाड़ा | 48 | 225 | 66 | नगरपालिका परिषद चौरई | 15 | 15 |
| | | 46 | नगरपालिका परिषद् अमरवाड़ा | 15 | 15 | 67 | नगरपालिका परिषद डोंगर परासिया | 21 | 44 |
| | | | | | | 68 | नगर परिषद् बड़कुही | 15 | 15 |
| | | | | | | 69 | नगर परिषद् लोधीखेड़ा | 15 | 15 |
| | | | | | | 70 | नगर परिषद् पिपलानारायणवार | 15 | 15 |
| | | | | | | 71 | नगर परिषद् चांदामेटा बुटारिया | 15 | 15 |
| | | | | | | 72 | नगर परिषद् बिछुआ | 15 | 15 |
| | | | | | | 73 | नगर परिषद् चांद | 15 | 15 |
| | | | | | | 74 | नगर परिषद् न्यूटन चिखली | 15 | 15 |
| | | | | 63 | 240 | | | 141 | 164 |
| 20 | सिवनी | 47 | नगरपालिका परिषद् सिवनी | 24 | 118 | 75 | नगर परिषद छपारा* | 15 | 25 |
| | | 48 | नगर परिषद् बरघाट | 15 | 16 | 76 | नगर परिषद केवलारी* | 15 | 23 |
| | | | | 39 | 134 | | | 30 | 48 |
| 21 | बालाघाट | 49 | नगरपालिका परिषद वारासिवनी | 15 | 32 | 77 | नगरपालिका परिषद बालाघाट | 33 | 93 |
| | | | | | | 78 | नगर परिषद् कटंगी | 15 | 20 |
| | | | | | | 79 | नगर परिषद् लांजी | 15 | 17 |
| | | | | 15 | 32 | | | 63 | 130 |
| 22 | नरसिंहपुर | 50 | नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर | 28 | 71 | | | | |
| | | 51 | नगरपालिका परिषद करेली | 15 | 32 | | | | |
| | | 52 | नगरपालिका परिषद गोटेगांव | 15 | 30 | | | | |
| | | 53 | नगरपालिका परिषद गाडरवाड़ा | 24 | 60 | | | | |
| | | 54 | नगर परिषद् तेंदूखेड़ा | 15 | 15 | | | | |
| | | 55 | नगर परिषद् सांईखेड़ा | 15 | 15 | | | | |
| | | 56 | नगर परिषद् चिचली | 15 | 15 | | | | |
| | | 57 | नगर परिषद् सालीचौका (बाबई कलां) | 15 | 15 | | | | |
| | | | | 142 | 253 | | | | |
| 23 | कटनी | 58 | नगर परिषद् विजयराघवगढ़ | 15 | 15 | 80 | नगरपालिक निगम कटनी | 45 | 218 |
| | | 59 | नगर परिषद् कैमोर | 15 | 23 | 81 | नगर परिषद् बरही | 15 | 17 |
| | | | | 30 | 38 | | | 60 | 235 |
| 24 | उज्जैन | 60 | नगरपालिक निगम उज्जैन | 54 | 568 | 82 | नगरपालिका परिषद महिदपुर | 18 | 36 |
| | | 61 | नगरपालिका परिषद बड़नगर | 18 | 37 | 83 | नगरपालिका परिषद खाचरौद | 21 | 37 |
| | | | | | | 84 | नगरपालिका परिषद नागदा | 36 | 96 |
| | | | | | | 85 | नगर परिषद् तराना | 15 | 31 |
| | | | | | | 86 | नगर परिषद् माकडोन | 15 | 15 |
| | | | | | | 87 | नगर परिषद् उन्हेल | 15 | 16 |
| | | | | 72 | 605 | | | 120 | 231 |
| 25 | नीमच | 62 | नगरपालिका परिषद नीमच | 40 | 112 | 88 | नगर परिषद् नयागांव | 15 | 15 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 63 | नगर परिषद् जीरन | 15 | 15 | 89 | नगर परिषद् जावद | 15 | 17 |
| | | | | | | 90 | नगर परिषद् डिकेन | 15 | 15 |
| | | | | | | 91 | नगर परिषद् रतनगढ़ | 15 | 15 |
| | | | | | | 92 | नगर परिषद् सिंगोली | 15 | 15 |
| | | | | | | 93 | नगर परिषद् सरवनिया महाराज | 15 | 15 |
| | | | | | | 94 | नगर परिषद् मनासा | 15 | 28 |
| | | | | | | 95 | नगर परिषद् कुकड़ेश्वर | 15 | 15 |
| | | | | | | 96 | नगर परिषद् रामपुरा | 15 | 18 |
| | | | | | | 97 | नगर परिषद् अठाना | 15 | 15 |
| | | | | 55 | 127 | | | 150 | 168 |
| 26 | रतलाम | 64 | नगर परिषद् आलोट | 15 | 25 | 98 | नगरपालिक निगम रतलाम | 49 | 270 |
| | | 65 | नगर परिषद् ताल | 15 | 15 | 99 | नगरपालिका परिषद जावरा | 30 | 65 |
| | | | | | | 100 | नगर परिषद् नामली | 15 | 15 |
| | | | | | | 101 | नगर परिषद् पिपलौदा | 15 | 15 |
| | | | | | | 102 | नगर परिषद् बड़ावदा | 15 | 15 |
| | | | | | | 103 | नगर परिषद् धामनोद | 15 | 15 |
| | | | | **30** | **40** | | | **139** | **395** |
| 27 | शाजापुर | 66 | नगरपालिका परिषद शाजापुर | 29 | 67 | 104 | नगरपालिका परिषद शुजालपुर | 25 | 56 |
| | | 67 | नगर परिषद् मक्सी | 15 | 19 | 105 | नगर परिषद् पानखेड़ी | 15 | 16 |
| | | | | | | 106 | नगर परिषद् अकोदिया | 15 | 15 |
| | | | | | | 107 | नगर परिषद् पोलायकलां | 15 | 15 |
| | | | | 44 | 86 | | | 70 | 102 |
| 28 | आगर मालवा | 68 | नगर परिषद बडोद | 15 | 15 | 108 | नगरपालिका परिषद आगर मालवा | 23 | 43 |
| | | | | | | 109 | नगर परिषद् कानड | 15 | 15 |
| | | | | | | 110 | नगर परिषद् नलखेड़ा | 15 | 17 |
| | | | | | | 111 | नगर परिषद् सुसनेर | 15 | 17 |
| | | | | | | 112 | नगर परिषद सोयतकलां | 15 | 16 |
| | | | | | | 113 | नगर परिषद बडागांव | 15 | 15 |
| | | | | 15 | 15 | | | 98 | 123 |
| 29 | मन्दसौर | 69 | नगरपालिका परिषद मन्दसौर | 40 | 149 | 114 | नगर परिषद् मल्हारगढ़ | 15 | 15 |
| | | 70 | नगर परिषद् नगरी | 15 | 15 | 115 | नगर परिषद् नारायणगढ़ | 15 | 15 |
| | | | | | | 116 | नगर परिषद् पिपल्यामंडी | 15 | 15 |
| | | | | | | 117 | नगर परिषद् सीतामउ | 15 | 17 |
| | | | | | | 118 | नगर परिषद् शामगढ़ | 15 | 27 |
| | | | | | | 119 | नगर परिषद् सुवासरा | 15 | 17 |
| | | | | | | 120 | नगर परिषद् भानपुरा | 15 | 26 |
| | | | | | | 121 | नगर परिषद् गरोठ | 15 | 21 |
| | | | | | | 122 | नगर परिषद भैंसोदा * | 15 | 15 |
| | | | | **55** | **164** | | | **135** | **168** |
| 30 | देवास | 71 | नगर परिषद बागली | 15 | 15 | 123 | नगरपालिक निगम देवास | 45 | 269 |
| | | 72 | नगर परिषद करनावद | 15 | 15 | 124 | नगर परिषद टोंकखुर्द | 15 | 15 |
| | | 73 | नगर परिषद हाटपिपल्या | 15 | 18 | 125 | नगर परिषद भौंरासा | 15 | 15 |
| | | 74 | नगर परिषद् कन्नौद | 15 | 21 | 126 | नगर परिषद सोनकच्छ | 15 | 19 |
| | | 75 | नगर परिषद् सतवास | 15 | 15 | 127 | नगर परिषद पीपलरावां | 15 | 15 |
| | | 76 | नगर परिषद् लोहारदा | 15 | 15 | | | | |
| | | 77 | नगर परिषद् कांटाफोड | 15 | 15 | | | | |
| | | 78 | नगर परिषद् खातेगांव | 15 | 29 | | | | |
| | | 79 | नगर परिषद् नेमावर | 15 | 15 | | | | |
| | | | | 135 | 158 | | | 105 | 333 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | सागर | 80 | नगरपालिक निगम सागर | 48 | 251 | 128 | नगरपालिका परिषद देवरी | 15 | 30 |
| | | 81 | नगरपालिका परिषद मकरोनिया बुजुर्ग | 18 | 60 | 129 | नगरपालिका परिषद बीना | 25 | 67 |
| | | 82 | नगरपालिका परिषद रहली | 15 | 33 | 130 | नगर परिषद् बंडा | 15 | 29 |
| | | 83 | नगर परिषद् शाहपुर | 15 | 15 | 131 | नगर परिषद् शाहगढ़ | 15 | 17 |
| | | 84 | नगर परिषद बिलहरा* | 15 | 17 | 132 | नगर परिषद् राहतगढ़ | 15 | 30 |
| | | 85 | नगर परिषद सुरखी* | 15 | 18 | 133 | नगर परिषद मालथौन* | 15 | 24 |
| | | | | | | 134 | नगर परिषद बांदरी* | 15 | 28 |
| | | | | | | 135 | नगर परिषद बरोदियाकला* | 15 | 18 |
| | | | | 126 | 394 | | | 130 | 243 |
| 32 | छतरपुर | 86 | नगरपालिका परिषद छतरपुर | 40 | 149 | 136 | नगर परिषद् बारीगढ़ | 15 | 15 |
| | | 87 | नगर परिषद् खजुराहो | 15 | 25 | 137 | नगर परिषद् लवकुश नगर | 15 | 22 |
| | | 88 | नगर परिषद् राजनगर | 15 | 18 | 138 | नगर परिषद् चन्दला | 15 | 15 |
| | | 89 | नगर परिषद् हरपालपुर | 15 | 18 | 139 | नगरपालिका परिषद नौगांव | 20 | 43 |
| | | | | | | 140 | नगरपालिका परिषद महाराजपुर | 15 | 30 |
| | | | | | | 141 | नगर परिषद् गढ़ीमलहरा | 15 | 16 |
| | | | | | | 142 | नगर परिषद् बिजावर | 15 | 20 |
| | | | | | | 143 | नगर परिषद् सटई | 15 | 15 |
| | | | | | | 144 | नगर परिषद् बड़ामलहरा | 15 | 16 |
| | | | | | | 145 | नगर परिषद् धुवारा | 15 | 15 |
| | | | | | | 146 | नगर परिषद् बकस्वाहा | 15 | 15 |
| | | | | 85 | 210 | | | 170 | 222 |
| 33 | दमोह | 90 | नगर परिषद् पथरिया | 15 | 23 | 147 | नगरपालिका परिषद हटा | 15 | 32 |
| | | 91 | नगरपालिका परिषद दमोह | 39 | 120 | 148 | नगर परिषद् पटेरा | 15 | 15 |
| | | 92 | नगर परिषद् हिंडोरिया | 15 | 17 | 149 | नगर परिषद् तेन्दूखेड़ा | 15 | 18 |
| | | | | 69 | 160 | | | 45 | 65 |
| 34 | टीकमगढ़ | 93 | नगर परिषद् बल्देवगढ़ | 15 | 15 | 150 | नगरपालिका परिषद टीकमगढ़ | 27 | 81 |
| | | 94 | नगर परिषद् खरगापुर | 15 | 19 | 151 | नगर परिषद् बड़ागांव धसान | 15 | 15 |
| | | | | | | 152 | नगर परिषद् कारी | 15 | 15 |
| | | | | | | 153 | नगर परिषद् जतारा | 15 | 20 |
| | | | | | | 154 | नगर परिषद् पलेरा | 15 | 17 |
| | | | | | | 155 | नगर परिषद् लिधौरा | 15 | 15 |
| | | | | 30 | 34 | | | 102 | 163 |
| 35 | निवाड़ी | 95 | नगर परिषद् निवाड़ी | 15 | 33 | 156 | नगर परिषद् जैरोन | 15 | 15 |
| | | 96 | नगर परिषद् तरीचरकला | 15 | 15 | 157 | नगर परिषद् पृथ्वीपुर | 15 | 30 |
| | | 97 | नगर परिषद् ओरछा | 15 | 17 | | | | |
| | | | | 45 | 65 | | | 30 | 45 |
| 36 | पन्ना | 98 | नगर परिषद् ककरहटी | 15 | 15 | 158 | नगर परिषद् पवई | 15 | 16 |
| | | 99 | नगर परिषद् अजयगढ़ | 15 | 17 | 159 | नगर परिषद् अमानगंज | 15 | 18 |
| | | 100 | नगर परिषद् देवेन्द्रनगर | 15 | 15 | 160 | नगर परिषद् गुन्नौर * | 15 | 15 |
| | | 101 | नगरपालिका परिषद पन्ना | 28 | 71 | | | | |
| | | | | 73 | 118 | | | 45 | 49 |
| 37 | रीवा | 102 | नगर परिषद् हनुमना | 15 | 17 | 161 | नगरपालिक निगम रीवा | 45 | 232 |
| | | 103 | नगर परिषद् मउगंज | 15 | 25 | 162 | नगर परिषद् गोविन्दगढ़ | 15 | 15 |
| | | 104 | नगर परिषद् नईगढ़ी | 15 | 15 | 163 | नगर परिषद् गूढ़ | 15 | 15 |
| | | | | | | 164 | नगर परिषद् मनगंवा | 15 | 15 |
| | | | | | | 165 | नगर परिषद् सिरमौर | 15 | 15 |
| | | | | | | 166 | नगर परिषद् बैकुन्ठपुर | 15 | 15 |
| | | | | | | 167 | नगर परिषद् सेमरिया | 15 | 16 |
| | | | | | | 168 | नगर परिषद् त्यौंथर | 15 | 17 |
| | | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 169 | नगर परिषद् चाकघाट | 15 | 15 |
| | | | | | | 170 | नगर परिषद डभौरा* | 15 | 25 |
| | | | | 45 | 57 | | | 180 | 380 |
| 38 | सिंगरौली | 105 | नगरपालिक निगम सिंगरौली | 45 | 240 | | | | |
| | | | | 45 | 240 | | | | |
| 39 | सीधी | | | | | 171 | नगर परिषद् मझौली | 15 | 15 |
| | | | | | | 172 | नगर परिषद् चुरहट | 15 | 16 |
| | | | | | | 173 | नगरपालिका परिषद सीधी | 24 | 56 |
| | | | | | | 174 | नगर परिषद् रामपुर नैकिन | 15 | 15 |
| | | | | | | | | 69 | 102 |
| 40 | सतना | 106 | नगरपालिक निगम सतना | 45 | 290 | 175 | नगरपालिका परिषद् मैहर | 24 | 56 |
| | | 107 | नगर परिषद् चित्रकूट | 15 | 25 | 176 | नगर परिषद् नागौद | 15 | 23 |
| | | 108 | नगर परिषद् उचेहरा | 15 | 19 | 177 | नगर परिषद् रामपुर बघेलान | 15 | 15 |
| | | 109 | नगर परिषद् जैतवारा | 15 | 15 | 178 | नगर परिषद् न्यू रामनगर | 15 | 26 |
| | | 110 | नगर परिषद् कोठी | 15 | 15 | 179 | नगर परिषद् अमरपाटन | 15 | 23 |
| | | 111 | नगर परिषद् बिरसिंहपुर | 15 | 15 | 180 | नगर परिषद् कोटर | 15 | 15 |
| | | | | 120 | 379 | | | 99 | 158 |
| 41 | नर्मदापुरम | 112 | नगरपालिका परिषद इटारसी | 34 | 97 | 181 | नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम | 33 | 114 |
| | | 113 | नगर परिषद् सोहागपुर | 15 | 29 | 182 | नगरपालिका परिषद पिपरिया | 21 | 48 |
| | | | | | | 183 | नगरपालिका परिषद सिवनी मालवा | 15 | 30 |
| | | | | | | 184 | नगर परिषद् बनखेड़ी | 15 | 23 |
| | | | | | | 185 | नगर परिषद् माखन–नगर | 15 | 17 |
| | | | | 49 | 126 | | | 99 | 232 |
| 42 | बैतूल | 114 | नगरपालिका परिषद् बैतूल | 33 | 102 | 186 | नगरपालिका परिषद मुलताई | 15 | 35 |
| | | 115 | नगरपालिका परिषद आमला | 18 | 36 | 187 | नगर परिषद् भैंसदेही | 15 | 15 |
| | | 116 | नगर परिषद् शाहपुर* | 15 | 15 | 188 | नगर परिषद घोड़ाडोंगरी* | 15 | 15 |
| | | | | | | 189 | नगर परिषद् बैतूल बाजार | 15 | 15 |
| | | | | 66 | 153 | | | 60 | 80 |
| 43 | हरदा | 117 | नगरपालिका परिषद् हरदा | 35 | 92 | | | | |
| | | 118 | नगर परिषद् खिरकिया | 15 | 26 | | | | |
| | | 119 | नगर परिषद् टिमरनी | 15 | 27 | | | | |
| | | 120 | नगर परिषद सिराली* | 15 | 16 | | | | |
| | | | | 80 | 161 | | | | |
| 44 | शहडोल | | | | | 190 | नगर परिषद् ब्योहारी | 15 | 28 |
| | | | | | | 191 | नगर परिषद् खांड | 15 | 15 |
| | | | | | | 192 | नगरपालिका परिषद धनपुरी | 28 | 54 |
| | | | | | | 193 | नगर परिषद बकहो* | 15 | 25 |
| | | | | | | | | 73 | 122 |
| 45 | उमरिया | 121 | नगर परिषद नौरोजाबाद | 15 | 25 | 194 | नगर परिषद मानपुर* | 15 | 22 |
| | | 122 | नगर परिषद् चन्दिया | 15 | 16 | | | | |
| | | 123 | नगरपालिका परिषद उमरिया | 24 | 36 | | | | |
| | | | | 54 | 77 | | | 15 | 22 |
| 46 | अनूपपुर | 124 | नगर परिषद अमरकंटक | 15 | 16 | 195 | नगरपालिका परिषद अनूपपुर | 15 | 27 |
| | | | | | | 196 | नगरपालिका परिषद पसान | 18 | 28 |
| | | | | | | 197 | नगर परिषद बनगवां (राजनगर)* | 15 | 22 |
| | | | | | | 198 | नगर परिषद डोला* | 15 | 15 |
| | | | | | | 199 | नगर परिषद डूमरकछार* | 15 | 15 |
| | | | | 15 | 16 | | | 78 | 107 |
| 47 | भिण्ड | 125 | नगरपालिका परिषद लहार** | 15 | 37 | 200 | नगरपालिका परिषद भिण्ड | 39 | 174 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 126 | नगर परिषद मिहोना | 15 | 21 | 201 | नगरपालिका परिषद गोहद | 18 | 56 |
| | | 127 | नगर परिषद आलमपुर | 15 | 16 | 202 | नगर परिषद् फूफ | 15 | 16 |
| | | 128 | नगर परिषद दबोह | 15 | 21 | 203 | नगर परिषद् अकोड़ा | 15 | 15 |
| | | 129 | नगर परिषद रौन* | 15 | 29 | 204 | नगर परिषद् मौ | 15 | 24 |
| | | | | | | 205 | नगर परिषद् मेहगांव | 15 | 28 |
| | | | | | | 206 | नगर परिषद् गोरमी | 15 | 25 |
| | | | | | | 207 | नगर परिषद मालनपुर* | 15 | 15 |
| | | | | 75 | 124 | | | 147 | 353 |
| 48 | श्योपुर | 130 | नगरपालिका परिषद श्योपुर | 23 | 66 | 208 | नगर परिषद् विजयपुर | 15 | 19 |
| | | 131 | नगर परिषद् बड़ौदा | 15 | 17 | | | | |
| | | | | 38 | 83 | | | 15 | 19 |
| 49 | मुरैना | 132 | नगरपालिका परिषद पोरसा | 15 | 39 | 209 | नगरपालिक निगम मुरैना | 47 | 379 |
| | | 133 | नगरपालिका परिषद अम्बाह | 18 | 50 | 210 | नगरपालिका परिषद सबलगढ़ | 18 | 40 |
| | | | | | | 211 | नगर परिषद् बानमोर | 15 | 38 |
| | | | | | | 212 | नगर परिषद् झुण्डपुरा | 15 | 15 |
| | | | | | | 213 | नगर परिषद् कैलारस | 15 | 31 |
| | | | | | | 214 | नगर परिषद् जौरा | 18 | 43 |
| | | | | 33 | 89 | | | 128 | 546 |
| | | | कुल | 2850 | 13148 | | | 3657 | 6829 |

*नवगठित नगरीय निकाय

**नगर परिषद से नगरपालिका परिषद में उन्नयन

## मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

हर वोट कीमती • हर निकाय महत्वपूर्ण

# नगरीय निकायों के आम निर्वाचन वर्ष 2022
# निर्वाचन कार्यक्रम (तिथियॉं)

| क्र | कार्यवाही | सम्बंधित नियम | निर्धारित तारीख | | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | प्रथम चरण | द्वितीय चरण | |
| 1 | (i) निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन–पत्र प्राप्त करना। | 21, 22 | 11–06–2022 (शनिवार) | | प्रातः 10:30 बजे से |
| | (ii) स्थानों (सीटों) के आरक्षण के सम्बंध में सूचना का प्रकाशन। | 22(क) | 11–06–2022 (शनिवार) | | प्रातः 10:30 बजे से |
| | (iii) मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन। | 16 | 11–06–2022 (शनिवार) | | प्रातः 10:30 बजे से |
| 2 | नाम–निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख। | 21(क) | 18–06–2022 (शनिवार) | | प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक |
| 3 | नाम–निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) | 21(ख) | 20–06–2022 (सोमवार) | | प्रातः 10:30 बजे से |
| 4 | अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख। | 21(ग) | 22–06–2022 (बुधवार) | | प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक |
| 5 | निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना और निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन। | 30, 31 | 22–06–2022 (बुधवार) | | अभ्यर्थिता से नाम वापसी के ठीक बाद |
| 6 | मतदान (यदि आवश्यक हो) | 21(घ) | **06–07–2022 (बुधवार)** | **13–07–2022 (बुधवार)** | प्रातः 7:00 बजे से अपरान्ह 5:00 बजे तक |
| 7 | मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा। | 21(ङ ) | **17–07–2022 (रविवार)** | **18–07–2022 (सोमवार)** | प्रातः 9:00 बजे से |

नगर पालिका निर्वाचन

उम्मीदवारों, राजनैतिक दलों, शासकीय विभागों और नगरीय निकायों तथा उनके कर्मचारियों

के लिए

# आदर्श आचरण संहिता

**जनवरी 2019**

**मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग**
**निर्वाचन भवन**
58, अरेरा हिल्स, भोपाल—462011
**Website-www.mplocalelection.gov.in**
**Email : commissionersec@gmail.com**

नगरपालिका निर्वाचन
के लिए
# आदर्श आचरण संहिता

इस संहिता के प्रावधान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के दिनांक से निर्वाचन परिणाम घोषित होने तक प्रभावशील रहेंगे।

## भाग-एक—राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों के लिए

**1. सामान्य आचरण :—**

(1) किसी भी दल या अभ्यर्थी को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे किसी धर्म, सम्प्रदाय या जाति के लोगों की भावना को ठेंस पहुंचे या उनमें विद्वेष या तनाव पैदा हो।

(2) मत प्राप्त करने के लिए धार्मिक, साम्प्रदायिक या जातीय भावनाओं का सहारा नहीं लिया जाना चाहिये।

(3) पूजा के किसी स्थल जैसे कि मन्दिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा आदि का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

(4) किसी अभ्यर्थी के व्यक्तिगत जीवन के ऐसे पहलुओं की आलोचना नहीं की जाना चाहिए जिनका संबंध उसके सार्वजनिक जीवन या क्रियाकलापों से न हो; और न ही ऐसे आरोप लगाये जाना चाहिए जिनकी सत्यता स्थापित न हुई हो।

(5) किसी राजनैतिक दल की आलोचना उसकी नीति और कार्यक्रम पूर्व इतिहास और कार्य तक ही सीमित रहनी चाहिए। दल और उसके कार्यकर्ताओं की आलोचना असत्यापित आरोपों पर आधारित नहीं की जानी चाहिए।

(6) प्रत्येक व्यक्ति के शान्तिपूर्ण घरेलू जीवन के अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए, चाहे उसके राजनैतिक विचार कैसे भी क्यों न हों। किसी भी व्यक्ति के कार्यों या विचारों का विरोध करने के लिए किसी दल या उम्मीदवार द्वारा ऐसे व्यक्ति के घर के सामने धरना देने, नारेबाजी करने या प्रदर्शन करने की कार्यवाही का कतई समर्थन नहीं किया जाना चाहिए।

(7) राजनैतिक दलों तथा अभ्यर्थियों को ऐसे सभी कार्यों से परहेज करना चाहिए जो चुनाव के कानून के अन्तर्गत अपराध हों, जैसे कि :—

(i) ऐसा कोई पोस्टर, इश्तहार, पैम्फ्लेट या परिपत्र निकालना, जिसमें मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता न हो,

(ii) किसी अभ्यर्थी के निर्वाचन की संभावना पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के उद्देश्य से उसके व्यक्तिगत आचरण और चरित्र या उम्मीदवारी के संबंध में ऐसे कथन या समाचार का प्रकाशन कराना जो मिथ्या हो या जिसके सत्य होने का विश्वास न हो,

(iii) किसी अन्य अभ्यर्थी अथवा राजनैतिक दल की चुनाव-सभा में गड़बड़ी करना या विघ्न डालना,

(iv) मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले अड़तालीस घंटों की कालावधि के दौरान सार्वजनिक सभा करना,

(v) मतदाताओं को रिश्वत या किसी प्रकार का पारितोषिक या प्रलोभन देना,

(vi) मतदान केन्द्र के 100 मीटर के अन्दर किसी प्रकार का चुनाव प्रचार करना या मत संयाचना करना,

(vii) मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने एवं/या वापिस ले जाने के लिए वाहनों का उपयोग करना,

(viii) मतदान केन्द्र में या उसके आसपास विश्रृंखल आचरण करना या मतदान केन्द्र के अधिकारियों के कार्य में बाधा डालना,

(ix) मतदाताओं का प्रतिरूपण करना अर्थात् गलत नाम से मतदान करने या कराने का प्रयास करना।

(8) मतदान समाप्त होने के समय से 48 घन्टे पूर्व से शराब की दूकानें बन्द रखी जाएंगी। अतः इस अवधि में किसी अभ्यर्थी या उसके समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा न तो शराब खरीदी जाय और न ही उसे किसी को पेश या वितरित किया जाए।

(9) किसी भी अभ्यर्थी या उसके समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किसी व्यक्ति की भूमि, भवन, अहाते या दीवार का उपयोग झण्डा टांगने, पोस्टर चिपकाने, नारे लिखने आदि प्रचार कार्यों के लिए, उसको अनुमति के बगैर नहीं किया जाना चाहिए।

शासकीय एवं सार्वजनिक भवन, उनके अहाते या अन्य परिसम्पत्तियों का उक्त प्रयोजन हेतु उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

(10) किसी भी दल या अभ्यर्थी द्वारा या उसके पक्ष में लगाये गये झण्डे या पोस्टर दूसरे दल या अभ्यर्थी के कार्यकर्ताओं द्वारा नहीं हटाये जाने चाहिए।

(11) राजनीतिक दलों अथवा उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को दी जाने वाली पहचान पर्चियां सादे कागज पर होनी चाहिए और उनमें उम्मीदवार का नाम या चुनाव चिन्ह नहीं होना चाहिए। पर्ची में मतदाता का नाम, उसके पिता/पति का नाम, वार्ड क्रमांक, मतदान केन्द्र क्रमांक तथा मतदाता सूची में उसके सरल क्रमांक के अलावा और कुछ नहीं लिखा होना चाहिए।

(12) मतदान शान्तिपूर्वक तथा सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग किया जाना चाहिए।

(13) (1) कोई भी व्यक्ति, किसी मतदान क्षेत्र में, उस मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए, मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले अड़तालीस घंटों की कालावधि के दौरान, :

(क) निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा न उसमें सम्मिलित होगा और न उसे संबोधित करेगा; या

(ख) चलचित्र, इलेक्ट्रानिक या प्रिंट मीडिया या किसी अन्य साधन से जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा; या

(ग) कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या किसी मनोरंजन द्वारा या आमोद-प्रमोद के अन्य तरीकों द्वारा मतदाताओं को उसके प्रति आकर्षित करने के प्रयोजन से, आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा।

## 2. सभाएं एवं जुलूस :—

(1) किसी हाट, बाजार या भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थल पर चुनाव सभा के आयोजन के लिए सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति ली जानी चाहिए तथा स्थानीय पुलिस थाने में ऐसी सभा के आयोजन की पूर्व सूचना दी जानी चाहिए ताकि शान्ति और व्यवस्था बनाए रखने तथा यातायात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस आवश्यक प्रबन्ध कर सके।

(2) प्रत्येक राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को किसी अन्य दल या अभ्यर्थी द्वारा आयोजित सभा या जुलूस में किसी प्रकार की गड़बड़ी करने या बाधा डालने में अपने कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों को रोकना चाहिए। यदि दो भिन्न-भिन्न दलों या उम्मीदवारों द्वारा पास-पास स्थित स्थानों में सभाएं की जा रही हों तो ध्वनि विस्तारक यंत्रों के मुंह विपरीत दिशाओं में रखे जाने चाहिए।

(3) किसी अभ्यर्थी के समर्थन में आयोजित जुलूस ऐसे क्षेत्र या मार्ग से होकर नहीं निकाला जाना चाहिए जिसमें कोई प्रतिबन्धात्मक आदेश लागू हों। जुलूस के निकलने के स्थान, समय और मार्ग तथा समापन के बारे में संबंधित स्थानीय पुलिस थाने में कम से कम एक दिन पूर्व सूचना दी जानी चाहिए। इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि जुलूस के कारण यातायात में कोई बाधा न हो।

(4) जुलूस में शामिल लोगों को ऐसी चीजें लेकर चलने से रोका जाना चाहिए, जिनको लेकर चलने पर प्रतिबंध हो या जिनका उत्तेजना के क्षणों में दुरुपयोग किया जा सके।

(5) प्रत्येक अभ्यर्थी या राजनैतिक दल को किसी अन्य अभ्यर्थी या दल अथवा किसी समुदाय विशेष के नेताओं के पुतले लेकर चलने या उन्हें किसी सार्वजनिक स्थान में जलाए जाने तथा इसी प्रकार के अन्य प्रदर्शन का आयोजन करने से अपने कार्यकर्ताओं को रोकना चाहिए।

(6) सभाओं एवं जुलूसों के आयोजन के दौरान तीव्र संगीत एवं ध्वनि विस्तारक का उपयोग करने के लिए सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति लेना चाहिए।

3. **शासन और संस्थाओं के वाहनों आदि के उपयोग पर प्रतिबन्ध :—**

शासकीय, सार्वजनिक उपक्रमों/प्राधिकरणों, स्थानीय निकायों, सहकारी संस्थाओं, कृषि उपज मंडियों या शासन से अनुदान अथवा अन्य सहायता प्राप्त करने वाली संस्थाओं के स्वयं के अथवा उनके द्वारा किराए पर अनुबंधित वाहनों, विमानों एवं अन्य संसाधनों (जैसे कि टेलीफोन, फैक्स) अथवा कर्मचारियों का उपयोग किसी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी के हित को आगे बढ़ाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे वाहनों आदि को उनके नियंत्रक अधिकारियों द्वारा निर्वाचन की घोषणा की तारीख से निर्वाचन समाप्त होने की तारीख तक, मंत्रिगण, सांसदों, विधायकों, नगरीय निकायों के पदाधिकारियों अथवा अभ्यर्थियों एवं उनके समर्थकों को उपलब्ध नहीं कराया जाना चाहिए।

4. **** निर्वाचन घोषणा पत्र :—**

(1) निर्वाचन घोषणा पत्र में ऐसी कोई बात नहीं होगी जो आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों में निहित भावना के अनुरूप न हो एवं जिससे निर्वाचन की शुचिता एवं निष्पक्षता किसी भी प्रकार से प्रभावित होती हो।

(2) राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को ऐसे वायदे करने से बचना चाहिए जो निर्वाचन प्रक्रिया के शुचिता को दूषित करे या मतदाताओं पर उनके मताधिकार के प्रयोग में कोई अनुचित प्रभाव डाले।

(3) पारदर्शिता एवं सभी अभ्यर्थियों को समान अवसर प्रदान करने की दृष्टि से यह अपेक्षित है कि घोषणा पत्रों में प्रस्तावित वायदों का औचित्य एवं उनकी पूर्ति हेतु वित्तीय साधन किस प्रकार जुटाये जायेंगे इसका स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए। मतदाताओं का विश्वास केवल ऐसे वायदों पर मांगा जाना चाहिए जिन्हें पूरा करना संभव हो।

---

** माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा विशेष अनुमति याचिका (सिविल) क्रमांक 21455/2008-(एस सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडू सरकार एवं अन्य) में पारित निर्णय दिनांक 5-7-2013 में दिये गये निर्देशों के अनुसार निर्वाचन घोषणा पत्र तैयार करने के संबंध में उक्त अपेक्षा को शामिल किया गया है।

## भाग-दो—केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार एवं उनके प्रतिष्ठानों एवं उनके कर्मियों के लिये

(केन्द्र सरकार या राज्य सरकार अथवा उनके प्रतिष्ठानों द्वारा ऐसों से है जिनके नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अभिप्राय है वेतन का भुगतान इनके द्वारा किया जाना है।)

1. निर्वाचन की घोषणा की तारीख से निर्वाचन समाप्त होने तक राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के किसी भी विभाग द्वारा ऐसा कोई आदेश पारित न किया जाए, जिससे चुनाव के सम्यक् संचालन में व्यवधान उपस्थित हो या चुनाव की शुचिता और निष्पक्षता प्रभावित हो, जैसे कि किसी क्षेत्र या वर्ग के मतदाताओं को लाभान्वित करने की दृष्टि से कोई सुविधा या छूट देना या किसी नयी योजना का कार्य के लिए स्वीकृति जारी करना। इसी प्रकार इस अवधि में किसी भी नगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत किसी निर्माण कार्य, सुविधा विस्तार या विकास कार्य आदि के लिए शासन का कोई भी विभाग निविदायें (टेन्डर) आहूत नहीं करेगा।

2. केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार एवं उनके प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों को चुनाव में बिलकुल निष्पक्ष रहना चाहिए एवं यह उनके व्यवहार से भी परिलक्षित होना चाहिये। जनता को उनकी निष्पक्षता का विश्वास होना चाहिए तथा उन्हें ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे ऐसी आशंका भी हो कि वे किसी दल या अभ्यर्थी की मदद कर रहे हैं।

3. चुनाव के दौरे के समय यदि कोई मंत्री, सांसद, विधायक अथवा सार्वजनिक उपक्रम, स्थानीय निकाय आदि का कोई पदाधिकारी किसी के निजी मकान अथवा परिसर पर आयोजित किसी कार्यक्रम का आमंत्रण स्वीकार कर लें तो शासकीय कर्मचारी को उसमें शामिल नहीं होना चाहिए। यदि कोई निमंत्रण पत्र प्राप्त हो तो उसे विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर देना चाहिए।

4. किसी सार्वजनिक स्थान पर चुनाव सभा के आयोजन हेतु अनुमति देते समय विभिन्न अभ्यर्थियों या राजनैतिक दलों के बीच कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। यदि एक ही दिन और समय पर, एक से अधिक अभ्यर्थी या दल एक ही जगह पर सभा करना चाहते हों तो उस अभ्यर्थी या दल को अनुमति दी जानी चाहिए, जिसने सबसे पहले आवेदन-पत्र दिया है।

---

नोट.—माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा प्रकरण क्रमांक 13224/2015 दिनांक 08-12-2015 में आयोग को दिये दिशा-निर्देश के अनुपालन में।

5. विश्राम गृहों या अन्य स्थानों में शासकीय आवास सुविधा का उपयोग सभी राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को उन्हीं शर्तों पर करने दिया जाना चाहिए जिन शर्तों पर उनका उपयोग सत्ताधारी दल को करने की अनुमति दी जाती है। परन्तु किसी भी दल या अभ्यर्थी को ऐसे भवन या उसके परिसर का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

6. (1) साधारणतः चुनाव के समय जो भी आमसभा आयोजित की जाए उसे चुनाव संबंधी सभा माना जाना चाहिए और उस पर कोई शासकीय व्यय नहीं किया जाना चाहिए। ऐंसी सभा में उन कर्मचारियों को छोड़कर जिन्हें ऐसी सभा या आयोजन में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने या सुरक्षा के लिए तैनात किया गया हो, अन्य कर्मचारियों को शामिल नहीं होना चाहिए।

(2) यदि कोई मंत्री चुनाव के दौरान जिले के किसी नगरीय क्षेत्र या भ्रमण करें (जहां कि चुनाव होने वाले हों) तो ऐसा भ्रमण चुनावी दौरा माना जाना चाहिए और उसमें सुरक्षा के लिए तैनात कर्मचारियों को छोड़कर अन्य किसी शासकीय कर्मचारी को साथ नहीं रहना चाहिए। ऐसे दौरे के लिए शासकीय वाहन या अन्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जानी चाहिए।

7. निर्वाचन की घोषणा के दिनांक से निर्वाचन समाप्त होने तक मंत्रिगण या सांसदों या विधायकों द्वारा किसी नगरीय निकाय क्षेत्र में, जहां कि चुनाव होने वाले हों, स्वेच्छानुदान, जनसम्पर्क या क्षेत्र विकास राशि में से कोई अनुदान स्वीकृत नहीं किया जाना चाहिए और न ही किसी सहायता या अनुदान का आश्वासन दिया जाना चाहिए।

8. इस अवधि के दौरान ऐसे नगरीय निकाय के क्षेत्र के अन्तर्गत किसी योजना का, या नवीन नागरिक सुविधाओं या सेवाओं का, भले ही उनका निर्माण राज्य सरकार या संबंधित नगरीय निकाय द्वारा न किया गया हो या प्रस्तावित हो, शिलान्यास या उद्घाटन नहीं किया जाना चाहिए।

9. चुनाव के दौरान समाचार पत्रों तथा प्रचार के अन्य माध्यमों से, सरकारी खर्चे पर ऐसे विज्ञापन जारी नहीं किए जाने चाहिए जिनमें सत्ताधारी दल की उपलब्धियों को प्रचारित या रेखांकित किया गया हो या जिनसे सत्ताधारी दल को अपने दलीय हितों को आगे बढ़ाने में सहायता मिलती हो।

## भाग-तीन —नगरपालिका के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए

(नोट:—इस भाग में नगरपालिका से अभिप्राय, यथास्थिति, नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद् तथा नगर परिषद् से है।)

1. नगरपालिका कर्मचारियों को चुनाव के दौरान अपना कार्य पूर्ण निष्पक्षता से करना चाहिए और ऐसा कोई आचरण और व्यवहार नहीं करना चाहिए जिससे यह आभास हो कि वे किसी दल या अभ्यर्थी की मदद कर रहे हैं।

2. निर्वाचन की घोषणा के दिनांक से निर्वाचन समाप्त होने के दिनांक तक :—

(i) नगरपालिका के अधीन कोई नियुक्ति या स्थानान्तरण नहीं किया जाना चाहिए।

(ii) नगरपालिका क्षेत्र में किसी प्रकार के व्यवसाय या वृत्ति के लिए नवीन अनुज्ञप्ति नहीं दी जानी चाहिए।

(iii) नगरपालिका क्षेत्र में किसी नई योजना या कार्य के लिए स्वीकृति नहीं दी जानी चाहिए। वर्तमान सुविधाओं के विस्तार या उन्नयन का कोई कार्य (जैसे कि किसी सड़क को चौड़ा करना या डामरीकृत करना या नालियों को पक्का करना, नल-जल योजना का विस्तार करना, नये हैंडपंप लगाना या नयी स्ट्रीट लाईट लगाना आदि) स्वीकृत या प्रारंभ नहीं किया जाना चाहिए। पहले से स्वीकृत किसी योजना का कार्य, जिसमें निर्वाचन की घोषणा होने तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ हो, प्रारंभ नहीं किया जाना चाहिए और किसी योजना का शिलान्यास या उद्घाटन नहीं किया जाना चाहिए।

(iv) किसी भी संगठन या संस्था को किसी कार्यक्रम के आयोजन के लिए कोई सहायता या अनुदान स्वीकृत नहीं किया जाना चाहिए। महापौर/अध्यक्ष/पार्षदों द्वारा स्वेच्छानुदान राशि में से भी किसी कार्य या गतिविधि के लिए कोई सहायता राशि स्वीकृत नहीं की जानी चाहिए।

(v) समाचार-पत्रों या प्रचार के अन्य माध्यमों से नगरपालिका के खर्च पर ऐसा कोई विज्ञापन या पैम्पलेट जारी नहीं किया जाना चाहिए, जिसमें नगरपालिका की उपलब्धियों को प्रचारित या रेखांकित किया गया हो या जिससे किसी उम्मीदवार के पक्ष में मतदाताओं को प्रभावित करने में सहायता मिलती हो।

(vi) नगरीय निकायों के माध्यम से क्रियान्वित किये जाने वाले, परिवार मूलक या व्यक्तिमूलक आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों (जैसे कि रोजगार/व्यवसाय के लिए सहायता, आवास निर्माण के लिए सहायता, निराश्रित पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन आदि) के अन्तर्गत नये हितग्राहियों का चयन नहीं किया जाना चाहिए।

3. किसी प्राकृतिक प्रकोप या दुर्घटना को छोड़कर, जिसमें कि प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचाना आवश्यक हो, निर्वाचन की घोषणा से लेकर निर्वाचन समाप्त होने तक की अवधि के दौरान नगरपालिका के किसी पदधारी (जैसे कि महापौर/अध्यक्ष/पार्षद) के क्षेत्रीय भ्रमण को चुनावी दौरा माना जाना चाहिए और ऐसे दौरे में नगरपालिका के किसी कर्मचारी को उनके साथ नहीं रहना चाहिए।

## भाग-चार—प्रेक्षक के संबंध में

(1) राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों को शासकीय एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा पूर्ण सहयोग दिया जाना चाहिए, जिससे वे अपना दायित्व प्रभावी तरीके से निभा सकें।

(2) निर्वाचनों के संचालन के संबंध में अभ्यर्थियों या उनके अभिकर्ताओं को कोई विशिष्ट शिकायत या समस्या हो तो उनके द्वारा इसकी सूचना प्रेक्षक तक पहुंचाने की व्यवस्था की जानी चाहिये।

(3) शासकीय विश्राम भवन निर्वाचन आयोग के प्रेक्षकों/पदाधिकारियों को प्रथम प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराए जायेंगे। जब किसी विश्राम भवन में आयोग के प्रेक्षक रुके हों तब उसमें किसी भी राजनैतिक दल से संबंधित किसी व्यक्ति को कक्ष आवंटित नहीं किए जायेंगे।

स्थान : भोपाल

दिनांक . . . . . . . . .

**बसंत प्रताप सिंह**
राज्य निर्वाचन आयुक्त
मध्यप्रदेश.

शाकेमुभो—591—रानिआ—31-1-19—65,000.